>

Title: Need to issue commemorative postal stamp in honour of Banjara Dharmguru 'Sant Shri Baba Lakkhishah Banjara'**.**

श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा सदन में उठाना चाहता हूं। 250-300 वर्ष पूर्व की बात है, पूज्य बाबा लखी शाह बंजारा इसी जगह रहते थे, इसी परिसर में रायसीना नायक बंजारों का तांडा था, बसेरा था। जब सिखों के नौंवे गुरु श्री तेग बहादुर जी का सिर चांदनी चौक में शहीद हुआ था तब इन्होंने उनका शव अपने घर लाकर अपना घर जला दिया था और अंतिम दाह संस्कार इसी जगह किया था। उन्होंने बड़े सम्मान के साथ दाह संस्कार किया था इसलिए उनके सम्मान में गुरुद्वारा रकाब गंज में लखी शाह बंजारा के नाम से हॉल बनाया गया है। बाबा लखी शाह बंजारा ने शुद्ध पानी पिलाया, मध्य प्रदेश में सागर झील बनाई। मेरी मांग है कि जहां आज संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, रेल भवन और प्रधानमंत्री कार्यालय है, यह 500 एकड़ जमीन बाबा लखी शाह बंजारा की थी। मेरी मांग है कि यहां उनके स्मरण में परिसर में स्टेचु बनाया जाए, उनके स्टेचु के लिए जगह दी जाए। उनके सम्मान में टिकट भी जारी होना चाहिए।

सभापति महोदय : इसके लिए स्टेचु कमेटी है।

श्री हरिभाऊ राठौड़ : महोदय, उन्होंने अपने बेटों का बलिदान किया। 1857 की लड़ाई में अपने पांच बेटों को खोया है। मेरी मांग है कि ऐसे व्यक्ति का सम्मान होना चाहिए।

डॉ. रतन सिंह अजनाला (तरनतारन): मैं अपने आपको इस मामले से सहबद्ध करता हूं।

श्री महावीर भगोरा : मैं अपने आपको इस मामले से सहबद्ध करता हूं।

MR. CHAIRMAN: Shri P. C. Thomas. You can raise only one matter.